
## Success Story/ Best Practices (PM Svanidhi)

| | | |
|---|---|---|
| **Name of ULB** | : | **SIMDEGA** |
| **F.Y** | : | **2020-21** |
| **PMsvanidhi** | : | **PMsvanidhi** |
| **Name of Trade/ Course** | : | **Vegetable shop & Hotel** |
| **Name of Beneficiary** | : | **Mrs Dhawla Devi** |
| **Loan Amount** | : | **10,000.00** |
| **Contact No.** | : | **6207049081** |

साल 2020 कोविड–19 महामारी का प्रकोप पूरे विश्व में जारी रह रहा है। स्थिति इतनी भयावह होती जा रही थी कि सभी ओर लोग आर्थिक तंगी से गुजरने लगे थे। इस महामारी ने लोगों का रोजगार तक समाप्त कर दिया। बड़े पूंजीपति तक इसके प्रकोप से संभल नहीं पा रहे थे तो छोटे फुटकर व्यवसायी की स्थिति तो भूखों मरने तक की आ गई थी। सरकार की ओर से राशन की व्यवस्था के बावजूद स्थिति सम्भलती न देखकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की शुरूआत की गई जिससे फुटपाथ विक्रेताओं की पूंजी जो लॉकडाउन के समय समाप्त हो गई थी, उसमें उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके। झारखण्ड के सभी निकायों में सरकार द्वारा DAY-NULM योजना के अन्तर्गत पूर्व से ही फुटपाथ विक्रेताओं का पंजीकरण करवाया जा चुका था। प्रधानमंत्री स्वनिधि के तहत उन पंजीकृत दुकानदारों के साथ–साथ सर्वे के पश्चात् नये दुकानदारों को भी योजना में सम्मिलित किया गया।

योजना की शुरूआत में बहुत से दुकानदारों ने योजना के नकारात्मक पहलुओं को ज्यादा तवज्जो दी। परन्तु नगर मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठनकर्त्ता, सी0आर0पी0 एवं TVC सदस्यों के प्रयास ने योजना को नई गति प्रदान की। योजना के लाभ ने दुकानदारों के बीच एक नई उम्मीद को जगाया। इसी उम्मीद ने नगर परिषद सिमडेगा के क्षेत्र की सलडेगा पहानटोली वार्ड नं0 05 की महिला धवला देवी के जीवनचर्या में बदलाव डाल दिया। धवला देवी मध्यम वर्गीय परिवार से सम्बन्धित एक विधवा महिला हैं। अपने परिवार की जिम्मेदारी को देखते हुये उन्होने फुटपाथ विक्रेता के रूप में व्यवसाय शुरू किया। उनके परिवार में पाँच बेटी एवं दो बेटे हैं। कुल सात संतानों की माँ ने सब्जी तथा चाय नास्ता की शुरूआत के रूप में डेली मार्केट में दुकान लगाया। इस दुकान से इनकी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी होने लगी। कोविड–19 के समय लगभग एक महीने तक बेरोजगारी और आर्थिक तंगी की वजह से उनके परिवार की स्थिति बिगड़ने लगी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत इन्होने कार्यालय में अपना आवेदन ऑनलाईन किया। इसके पश्चात् आई0डी0बी0आई के शाखा प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक ने आवेदन पर जल्द कार्रवाई करते हुये इन्हें 10,000.00 की ऋण राशि मार्गदर्शिका की शर्त्तो को समझा कर दिया। राशि मिलने पर पूर्ण रूप उक्त राशि को उन्होने अपने व्यवसाय में लगा दिया। आज वह ससमय अपना ऋण वापसी कर रही हैं। सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना कोविड–19 महामारी जैसे बुरे दौर में भी वरदान साबित हुई।

**Mrs Dhawla Devi**



24/11/2020

नगर मिशन प्रबंधक
DAY NULM
नगर परिषद, सिमडेगा